# एन्ट्रिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड

## वार्षिक रिपोर्ट

## 2012-13

एन्ट्रिक्स
ANTRIX



| | |
|---|---|
| **निदेशक मंडल** | डॉ. वी. एस. हेगड़े<br>डॉ. वी. के. दधवाल<br>श्री एस श्रीनिवासन (26.11.2012 तक)<br>श्री पी. एस. वीरराघवन (26.11.2012 तक)<br>श्री एस. के. शिव कुमार (24.8.2012 से 8.11.2012 तक)<br>श्री ए. विजय आनंद (22.11.2012 से)<br>श्री पी. जे. मैथ्यू (22.11.2012 से)<br>श्री वी. कोटेश्वर राव (22.11.2012 से)<br>श्री जॉन पी. जकारिया (22.11.2012 से)<br>श्री ई. वसंता (22.11.2012 से)<br>श्री एस. परमेश्वरन (22.11.2012 से)<br>श्री रतन टाटा (7.6.2013 तक)<br>श्री जमशेद गोदरेज (11.5.2013 तक)<br>श्री अरुण बालकृष्णन (10.6.2013 से)<br>श्री वाई. एस. मय्या (10.6.2013 से)<br>प्रो. देवंग वी. कक्कड़ (10.6.2013 से)<br>प्रो. जे. रामचंद्रन (10.6.2013 से) |
| **प्रबन्धन दल:** | |
| अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक | डॉ. वी. एस. हेगड़े |
| कार्यकारी निदेशक व निदेशक (व्यापार विकास) | श्री एस.परमेश्वरन |
| निदेशक (विशेष परियोजनाएँ) | श्रीमती गीता वरदन |
| निदेशक (प्रौद्योगिकी व सेवाएँ) | श्रीमती टी.एस.शोभा |
| निदेशक (प्रमोचन सेवाएं एवं मिशन) | श्री डी.राधाकृष्णन (26.11.2012 से) |
| उप निदेशक (सुदूर संवेदन ऑंकडा व सेवाएँ) | श्री पी.एम.बालामणिकवेलु (17.01.2013 तक) |
| वरिष्ठ प्रधान लेखा एवं आं.वि.स. | श्री जी. अलगेसन |
| **संवैधानिक लेखा परीक्षक** | मेसर्स ज्ञानोबा व भट्ट<br>चार्टर्ड अकाउंटेंट्स<br>I फ्लोर, अण्णमलै आर्कडे<br>नं. 45, I क्रास, विल्सन गार्डन<br>होसुर मेन रोड<br>बेंगलूर 560 027 |
| **बैंकर** | केनरा बैंक<br>आर.एम.वी. एक्स्टें. शाखा<br>बेंगलूर 560 080<br><br>स्टेट बैंक आफ इंडिया<br>डालर कॉलोनी शाखा<br>बेंगलूर 560 054 |
| **पंजीकृत कार्यालय** | अन्तरिक्ष भवन<br>न्यू बी.ई.एल. रोड<br>बेंगलूर 560 231 |

# विषय सूची


| | |
|---|---|
| निदेशक मण्डल की रिपोर्ट | 1 |
| अ.जा / अ.ज.जा कार्यान्वयन | 4 |
| राजभाषा | 4 |
| सचिवालयीन अनुपालन प्रमाण-पत्र | 10 |
| लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट | 13 |
| लेखा परीक्षकों के रिपोर्ट से संबंधित अनुबंध | 15 |
| भारत के नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ | 17 |
| तुलन-पत्र | 18 |
| लाभ तथा हानि विवरण | 19 |
| तुलन-पत्र के भाग के नोट | 20 |
| लाभ एवं हानि संबंधी विवरण के भाग के नोट | 25 |
| लेखा संबंधी नीतिया | 28 |
| लेख के भाग के रूप में अन्य नोट | 30 |
| नकद प्रवाह विवरण | 39 |

# निदेशक मण्डल की रिपोर्ट

आपके निदेशक मण्डल को मार्च 31, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा के लेखापरीक्षित विवरण, लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा-परीक्षक की टिप्पणी सहित इक्कीसवीं वार्षिक रिपोर्ट को आपके सामने प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

**कार्य निष्पादन संबंधी विशेषताएँ**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कम्पनी घोर प्रतिस्पर्धा तथा दबावों के बावजूद अपने कार्य-निष्पादन में सुधार करने में सक्षम रही है। कम्पनी ने 1,295.28 करोड़ रुपये का टर्नओवर हासिल किया जो गत वर्ष की तुलना में 9% की वृद्धि दर्शाता है । गत वर्ष के दौरान 177.07 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष कर के पश्चात् लाभ 150.22 करोड़ रुपये था जो विशेष रूप से कम्पनी द्वारा सामना की गई असाधारण चुनौतियों को दर्शाता है । आपकी कम्पनी जो भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का वाणिज्यक अंग/कार्पोरेट फ्रन्ट है, देश के प्रौद्योगिक विकास में आगे रही है और एक प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त कर चुकी है । कंपनी के केंद्रित क्रियाकलाप मानव जीवन को समृद्ध बनाने हेतु संयोजकता एवं सूचना के क्षेत्र में योगदान करने से संबंधित हैं। आपकी कम्पनी आगामी वर्षों में अपना निष्पादन बेहतर करने की आशा रखती है और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है ।

**आई.आर.एस. से संबंधित कार्यक्रम**

आपकी कम्पनी विश्व-भर से विविध उपयोग आवश्यकताओं को पूरा करते हुए आई.आर.एस. उपग्रह श्रृंखला से प्राप्त आँकड़ों का विपणन कर रही है । अन्तर्राष्ट्रीय ग्राहकों द्वारा आई.आर.एस. सेवाओं की स्वीकृति प्रति वर्ष बढ़ती जा रही है और इस वर्ष भी अच्छे परिणाम अंकित किये गये ।

फिलहाल आपकी कम्पनी कार्टोसैट-2, कार्टोसैट-1 एवं ओशनसैट-2 उपग्रहों से उपग्रह आँकडा विक्रय एवं सेवाएँ प्रदान कर रही है। रिसोर्ससैट-1 उपग्रह के पहले से स्थापित ग्राहकों के लिए सेवा की निरंतरता हेतु रिसोर्ससैट-2 उपग्रह के आँकडों की माँग की जा रही है। रिसोर्ससैट-2 आँकडा उत्पादों एवं सेवाओं के लिए बाजार प्रभावशाली ढंग से विकसित किया गया है और कई संभावित ग्राहक भी कतार में है। राडार प्रतिबिंबन उपग्रह (रिसैट-1) प्रयोक्ताओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है और वर्तमान प्रयोक्ताओं तथा नए ग्राहकों के साथ रिसैट-1 के आंकड़ो एवं सेवाओं के विपणन प्रारंभ किए जा रहे हैं।

आईआरएस समूह को विश्व-भर में भू प्रेक्षण आँकडा के विश्वसनीय स्रोत्र के रूप में स्वीकार किया गया है जिसकी, आश्वस्त निरंतरता मुख्य विशेषता रही है। इसके आँकडा उत्पादों की विविधता ने भी इसकी लोकप्रियता में योगदान दिया है। नये अन्तर्राष्ट्रीय भू केन्द्रों की स्थापना करने के अनुरोध भी प्राप्त हो रहे हैं।

**प्रमोचन सेवाएं**

आपकी कंपनी द्वारा इस अवधि के दौरान प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ग्राहक उपग्रह मिशनों में से एक एस्ट्रियम, फ्रांस के स्पॉट-6 उपग्रह का सफल प्रमोचन था। 712 कि.ग्रा. वजन वाले स्पॉट-6 उपग्रह को ध्रुवीय उपग्रह प्रमोचक राकेट (पी एस एल वी), पी एस एल वी-सी21 में रखकर मुख्य मिशन के रूप में सितंबर 9, 2012 को सफलतापूर्वक प्रमोचित किया गया। स्पॉट-6 के साथ-साथ ओसाका प्रौद्योगिकी संस्थान (ओ आई टी), जापान के प्रोइटर्स (15 कि.ग्रा. वजन वाले) नामक एक अन्य लघु उपग्रह को सफलतापूर्वक प्रमोचित किया गया।

तदनंतर, फरवरी 25, 2013 को छः अंतरराष्ट्रीय ग्राहक उपग्रहों, यथा एम डी ए, कनाडा के सैफायर; माइक्रोसैट सिस्टम्स, कनाडा के नियोसैट; आस्ट्रिया के एम एल एस 8.1 एवं एन एल एस 8.2; डेनमार्क के एन एल एस 8.3 और यू के के स्ट्रैंड-1 को पी एस एल वी-सी20 मिशन में सफलतापूर्वक प्रमोचित किया गया।

संक्षेप में, वर्ष 2012-13 के दौरान 8 अंतरराष्ट्रीय ग्राहक उपग्रहों को एंट्रिक्स द्वारा सफलतापूर्वक प्रमोचित किया गया।

**उपग्रह मिशन सहायक सेवाएँ**

आपकी कम्पनी ने दूरमिति, दूरादेश, अनुवर्तन, परासन और अन्य संबंधित सेवाओं को विश्व के प्रतिष्ठित ग्राहकों को प्रदान करना जारी रखा है।

अन्तरण कक्षा सहायक सेवाएँ (टी.ओ.एस.एस.) और अन्य कक्षीय सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु, इन्टेलसैट के साथ किए गए करार के एक भाग के रूप में आपकी कंपनी अंतर्राष्ट्रीय मिशनों की सहायता करने के लिए तैयार है। एमसीएफ, हासन में के.ए.बैण्ड भू केन्द्र को इकोस्टार XVII उपग्रह के मिशन प्रचालन की सहायतार्थ उपयोग किया गया । 21.5 डिग्री पूर्व में डब्ल्यू 6 ए उपग्रह के लिए टी ओ एस एस सहायता प्रदान करने हेतु एम सी एफ स्थित के यू बैंड भू-केंद्र का उपयोग किया गया। यूरोप में सेवाएं प्रदान करने तथा उत्तरी अफ्रिका एवं मध्य पूर्व के क्षेत्रीय आवरण के लिए डब्ल्यू 6 ए यूटेल सैट के स्वामित्व वाला एक के यू बैंड उपग्रह है।

इस्ट्रैक केन्द्र के भू केन्द्रों का उपयोग केसैट तथा सीएनईएस मिशनों हेतु दूरमिती, अनुवर्तन तथा कमाण्ड (टीटीसी) सहायता

प्रदान करने के लिए भी किया जाता था। आपकी कम्पनी एमसीएफ एवं इस्ट्रैक में उपलब्ध तकनीकी विशेषज्ञता तथा अवसंरचना का उपयोग करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय प्रचालकों एवं अन्तरिक्ष एजेन्सियों के लिए टीटीसी तथा अन्य सहयोगी सेवाएँ प्रदान करने के लिए विचार कर रही है।

**उपग्रह प्रणालियां**

आपकी कंपनी उपग्रह मंचों का विपणन करती रही है, जिसकी विरासत अच्छी तरह स्थापित है। आपकी कंपनी ने संवेदक विकास के लिए शैक्षिक संस्था को संवेदक ग्रेड सौर सेल प्रदान किए हैं और जर्मन अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए सूर्य संवेदकों (4 पी आई) की आपूर्ति हेतु आदेश प्राप्त किए हैं।

**दूरसंचार प्रेषानुकर सेवाएं**

विश्वव्यापी आर्थिक चुनौतियों के बावजूद उपग्रह क्षमता के लिए बढ़ती मांग के कारण उपग्रह प्रेषानुकर सेवाओं ने उपग्रह उद्योग की वृद्धि को जारी रखा है। आपकी कंपनी ने इस खंड से महत्वपूर्ण योगदान भी प्राप्त किया है और इस खंड से प्राप्त राजस्व में पिछले वर्ष के मुकाबले 6% की वृद्धि हुई है। यह दर्ज की गई वृद्धि डी टी एच सेवाओं, ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाओं, आंकड़ा सेवाओं एवं मोबाइल टेलिफोनी, एच टी एस, एच डी टी वी एवं अवस्थिति प्रणालियों, सामरिक उपग्रह नौवहन तथा अंतरिक्ष संबंधी अन्वेषण पर सरकारी व्यय के कारण स्थिर रूप में प्राप्त हुई है।

वर्ष के दौरान, कंपनी ने इन्सैट उपग्रहों पर सभी ग्राहकों के साथ विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा यथा पुनरीक्षित संशोधित करारों एवं समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। 83 डिग्री पूर्व में अवस्थित जीसैट-10 अंतरिक्षयान के समायोजन से कक्षीय क्षमता में वृद्धि हुई है।

आपकी कंपनी ने संभावित विक्रेताओं, भारत में सेना के लिए उपयुक्त क्षमता वाले उपग्रहों, उनकी उपलब्धता की समयावधि एवं संबंधित वित्तीय पहलुओं की पहचान करते हुए विभाग की आवश्यकता हेतु विश्वव्यापी सार्वजनिक निविदा के माध्यम से एक आंकड़ा आधार का संकलन किया है।

आपकी कंपनी भारत में टी वी चैनलों की संख्या में वृद्धि, विगत वर्षों में भारतीय टी वी उद्योग की तेज रफ्तार वृद्धि के कारण उत्पन्न लगातार प्रेषानुकर की बढ़ती मांग से राजस्व में वृद्धि की आशा रखती है।

**दौरों का विनिमय**

पूर्व की तरह इस वर्ष के दौरान भी दौरों के विनिमय हुए हैं। इनसे वर्तमान संबंधों को मजबूत बनाने और परस्पर लाभ के लिए नए संबंध कायम करने में भी मदद मिली है। आपकी कंपनी आगामी वर्षों में अपने व्यापार संबंधी अवसरों को बढ़ाने के लिए आशान्वित है।

**वित्तीय परिणाम**

| वित्तीय परिणाम | 31.03.13 को समाप्त वर्ष के लिए (लाख रुपये में) | 31.03.12 को समाप्त वर्ष के लिए (लाख रुपये में) |
|---|---|---|
| कुल आय | 1,29,528.21 | 1,18,060.84 |
| कुल व्यय | (104,015.74) | (93,568.89) |
| **मूल्य ह्रास तथा कराधान से पहले लाभ** | **25,512.47** | **24,491.95** |
| घटाए : मूल्य ह्रास व परिशोधन व्यय | (117.84) | (9.69) |
| घटाए : कराधन के लिए प्रावधान | (7,725.05) | (7,502.45) |
| जोड़िए : आस्थगित कर | 37.41 | 118.56 |
| पहले के वर्षों में आयकर हेतु अधिक/कम प्रावधान | - | - |
| वर्तमान वर्ष का अधिशेष | 17,706.99 | 17,098.37 |
| जोड़िए : पिछले वर्ष का अधिशेष | 3.57 | 40.01 |
| **पुनर्विनियोजन हेतु उपलब्ध लाभ** | **17,710.56** | **17,138.38** |
| जेनरल रिजर्व को स्थानांतरित | 13,560.00 | 13,160.00 |
| प्रस्तावित लाभांश | 3,542.00 | 3,420.00 |
| कार्पोरेट लाभांश कर | 601.97 | 554.81 |
| तुलन पत्र को स्थानांतरित लाभ एवं हानि लेखा का अधिशेष | 6.59 | 3.57 |
| **पुनर्विनियोजन का कुल** | **17,710.56** | **17,138.38** |

**लाभांश :**

वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग), के दिनांक 17.09.1996 के कार्यालय ज्ञापन सं.एफ/1(16)-ई II (ए), दिनांक 20.08.1998 के का.ज्ञा.सं.एफ.19(I)-ई-II (ए)/98 तथा दिनांक 13.06.2001 के सं.एफ.3(2)-बी (एस)/2001 और दिनांक 9.9.2002 के अ.शा.प.सं.3(67)-बी(एस)/2002 और व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 17.06.2004 के अ.शा.पत्र सं.3(2)बी/एस/2003 और सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक मई 19, 2005 के अ.शा.पत्र सं.3(3)-बी (एस)/2005 द्वारा जारी किये गए भारत सरकार के अनुदेशों के अनुपालन में आपका निदेशक मण्डल 100 लाख रुपये की प्रदत्त ईक्विटी शेयर पूंजी पर 3542% (पिछले वर्ष 3420%) के लाभांश की सिफारिश करता है । यह मार्च 31, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए करोत्तर लाभ के 20% का प्रतिनिधित्व करता है ।

**आगामी दृष्टिकोण**

वर्तमान वित्त वर्ष के लिए वृद्धि की संभावना 6.1% है। सरकार विविध उपाय कर रही है और अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकने तथा निवेशकों के विश्वास बढ़ाने हेतु विविध प्रयासों की घोषणा कर रही है। आगामी वर्ष के दौरान निर्यात में मजबूती का प्राक्कलन किया गया है और इसके द्वारा अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी। यह आशा की जाती है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसंरचना में निवेश वृद्धि की कुंजी होगी। आपकी कंपनी मूल्य संवर्धित सेवाओं, विदेशी उपग्रहों के लिए प्रमोचन सेवाएं, उत्पाद के विकास इत्यादि जैसे विशेष क्षेत्रों के लिए महान संभावनाएं देखती है। ये सारे शुभ संकेत हैं तथा आपकी कंपनी निकट भविष्य में अपने निष्पादन में उल्लेखनीय सुधार की आशा रखती है।

**निदेशकगण**

श्री एस. के. शिवकुमार, निदेशक, आइजेक को अगस्त 24, 2012 से निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। श्री ए. विजय आनंद, संयुक्त सचिव, अंतरिक्ष विभाग, श्री वी. कोटेश्वर राव, वैज्ञानिक सचिव, इसरो, श्री पी. जे. मैथ्यू, संयुक्त सचिव (वित्त), अं.वि., श्री जॉन पी. जकारिया, निदेशक (अनुसंधान एवं विकास), वी एस एस सी और श्री ई. वसंता, उप निदेशक, आइजेक को नवंबर 22, 2012 से निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। श्री एस. परमेश्वरन को नवंबर 22, 2012 से कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

नवंबर 8, 2012 को श्री एस. के. शिवकुमार का निदेशक के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया। श्री एस. श्रीनिवासन और श्री पी.एस.वीरराघवन का निदेशक के रूप में कार्यकाल नवंबर 26, 2012 को समाप्त हो गया। श्री जमशेदजी गोदरेज का निदेशक के रूप में कार्यकाल मई 11, 2013 को समाप्त हुआ। श्री रतन टाटा का निदेशक के रूप में कार्यकाल जून 7, 2013 को समाप्त हुआ।

बोर्ड श्री एस. के. शिवकुमार, श्री एस. श्रीनिवासन, श्री पी. एस. वीरराघवन, श्री जमशेद गोदरेज और श्री रतन टाटा के द्वारा प्रदान की गई अमूल्य सेवाओं के लिए प्रशंसा व्यक्त करता है।

भारत सरकार ने श्री अरुण बालाकृष्णन, श्री वाई. एस. माया, प्रोफेसर देवंग खख्खर और प्रोफेसर जे. रामचंद्रन को एंट्रिक्स बोर्ड के स्वतंत्र निदेशकों के रूप में नियुक्त किया है और उन्हें जून 10, 2013 से सहयोजित किया गया है।

**प्रदर्शनियों में भागीदारी**

वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आई आई) के साथ मिलकर सितंबर 12 से 15, 2012 को बेंगलुरु अंतरिक्ष प्रदर्शनी 2012 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भारत और विदेश के अंतरिक्ष उद्योग के विविध महत्वपूर्ण हस्तियों ने भाग लिए।

**निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण**

निदेशकों के उत्तरदायित्व के विवरण के संदर्भ में कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2 ए ए) के अंतर्गत आवश्यकता के अनुसरण में यह पुष्टि की जाती है कि :

i) 31.03.2013 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखे की तैयारी में तात्विक विचलन के संबंध में समुचित स्पष्टीकरण सहित लागू लेखा मानकों का अनुपालन किया गया है;

ii) निदेशकों ने वैसी लेखा नीतियों का चयन किया है तथा उनको एकरूपता से लागू किया है और वित्तीय वर्ष के अंत में तथा समीक्षाधीन वर्ष के लिए कंपनी के लाभ के बारे में कंपनी की सच्ची और सही स्थिति दर्शाने हेतु विवेकपूर्ण और बुद्धिमानी से निर्णय लिए हैं एवं आकलन किए हैं;

iii) निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने और धोखे का पता लगाने हेतु कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार लेखा संबंधी अभिलेखों के पर्याप्त अनुरक्षण हेतु समुचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती है;

iv) निदेशकों ने चालू व्यवसाय के आधार पर 31 मार्च 2013 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखे तैयार किए हैं;

**कारपोरेट शासन**

आपकी कंपनी भारत द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार लागू कारपोरेट शासन व्यवहार का अनुपालन करती रही है।

**लेखा परीक्षकगण**

भारत के नियंत्रक एवं महा लेखाकार ने पत्र सं. सीएवी/सीओवाई/केंद्र सरकार.एंट्रिक्स(1)(102) दिनांक जुलाई 30, 2012 के माध्यम से 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वार्षिक लेखे की लेखा परीक्षा करने हेतु मेसर्स ज्ञानोबा एवं भट्ट, चार्टर्ड एकांउटेन्ट्स, बेंगलूर को संवैधानिक लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया। उनकी दिनांक 26 जून, 2013 की रिपोर्ट संलग्न है। कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(4) के अंतर्गत 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए पत्र सं. 144 पीडीसीए/एमएबी-IV/वार्षिक लेखा/एंट्रिक्स/2013-14/1053 दिनांक 13 सितंबर, 2013 के माध्यम से भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणी संलग्न है। भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक ने पत्र सं. सीए.वी/सीओवाई/केंद्रीय सरकार, एंट्रिक्स(1)/21 दिनांक जुलाई 29, 2013 के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए मेसर्स ज्ञानोबा एवं भट्ट चार्टर्ड एकांउटेंट्स, बेंगलूर को संवैधानिक लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया है।

**सचिवालयीन अनुपालन प्रमाण-पत्र :**

श्री वी.पद्मनाभन, कम्पनी सचिव द्वारा हस्ताक्षरित कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुपालन के संबंध में कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 383ए के प्रावधानों के अनुसरण में सचिवालयीन अनुपालन प्रमाण-पत्र संलग्न है और इस रिपोर्ट का अभिन्न अंग है।

**सावधिक जमा:**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कम्पनी ने जनता से किसी प्रकार की जमा को न आमंत्रित किया है और न ही लिया है।

**कर्मचारियों का विवरण:**

वर्ष के दौरान या उस वर्ष के किसी भाग में किसी भी कर्मचारी को, समय-समय पर यथा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(2ए) में निर्दिष्ट सीमाओं से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त नहीं हुआ है।

**आरक्षण:**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़े वर्ग तथा शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के प्रतिनिधित्व की स्थिति एक थी। समूह 'क' (तकनीकी), समूह क (प्रशासनिक) तथा समूह ग (प्रशासनिक) में कर्मचारियों की कुल संख्या क्रमशः 3,6 तथा 2 थी।

**ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी आमेलन और विदेशी मुद्रा का अर्जन और निर्गम:**

कम्पनी (निदेशक मण्डल की रिपोर्ट, में विवरणों का प्रकटन) नियम 1988 के साथ पठित कम्पनी अधिनियन 1956 की धारा 217(1)(ई) के अधीन ऊर्जा संरक्षण और प्रौद्योगिकी आमेलन संबंधी दी जानेवाली सूचना शून्य है, क्योंकि कम्पनी ने प्रत्यक्ष रूप से न तो किसी ऊर्जा का उपयोग किया है और न ही किसी विदेशी प्रौद्योगिकी का आयात किया है।

आपकी कम्पनी, जो अब तक इसरो के मुख्यालय भवन से कार्य कर रही थी, अब, एक नये कम्पनी कार्यालय से कार्य करने लगी है, जो कि कम्पनी की हरित पहल का एक अंग है।

**राजभाषा कार्यान्वयन**

भारत सरकार के नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुसार कंपनी सभी स्तरों पर राजभाषा का प्रयोग क्रियान्वित करती रही थी।

वर्ष के दौरान, राजभाषा कार्यान्वयन समिति (ओ एल आई सी) का पुनर्गठन किया गया और नई समिति ने नीति बनाने हेतु बैठक की। वर्ष के दौरान, सक्षम प्राधिकारियों ने कंपनी में हिंदी के कार्यान्वयन की प्रगति का निरीक्षण किया। कंपनी ने दो कार्यशालाओं तथा प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया जिससे कार्मिकों ने आवश्यक कुशलता प्राप्त की और इससे राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने में मदद मिली।

31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लिए विदेशी मुद्रा अर्जन और व्यय (वास्तविक) निम्नानुसार है :

| विदेशी मुद्रा अर्जन | राशि<br>लाख में<br>(₹) | राशि<br>विदेशी मुद्रा |
|---|---|---|
| क) निर्यात के बाबत | 76.78 | यूएसडी 1,44,233.76<br>यूरो 1,89,525.77 |
| ख) अन्य सेवाओं के बाबत | 11,080.23 | यूएसडी 38,46,151.17<br>यूरो 1,29,07,101.24 |
| कुल | 11,157.01 | |
| **विदेशी मुद्रा व्यय** | **राशि<br>लाख में<br>(₹)** | **राशि<br>विदेशी मुद्रा** |
| क) यात्रा के बाबत | 7.13 | यूएसडी 6,230.00<br>यूरो 1,730.00<br>एयूडी 4,180.00 |
| ख) आयात लागत के बाबत | 178.48 | यूएसडी 3,28,788.00 |
| ग) तकनीकी परामर्शिता लागत के बाबत | 49,121.35 | यूएसडी9,33,80,540.64 |
| घ) अन्य सेवा लागत के बाबत | 79.88 | यूएसडी 1,52,725.46 |
| कुल | 49,386.84 | |

**आभारोक्ति**

आपके निदेशक, अपने उत्पाद एवं सेवाओं के ग्राहक तथा अन्य प्रयोक्ताओं से प्राप्त सहायता के लिए अपना आभार प्रकट करते हैं और आगामी वर्षों में भी उनसे सहायता की आशा करते हैं। आपके निदेशक, अन्य सरकारी विभागों तथा एजेन्सियों, बैंकरों एवं उद्योगों से प्राप्त सहयोग और सहायता के लिए उनका भी आभार प्रकट करते हैं।

आपके निदेशक, अन्तरिक्ष विभाग, विविध इसरो केन्द्रों और समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कम्पनी के अधिकारियों एवं स्टाफ द्वारा की गई हार्दिक सहायता एवं योगदान, जिसने आपकी कम्पनी के सफल कार्यों की दिशा में अत्यधिक योगदान दिया है, के लिए भी आभार व्यक्त करते है।

**निदेशक मंडल के लिए**
**एवं उनकी ओर से**

हस्ता/-
**(वी. एस. हेगड़े)**
अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक

स्थान : बेंगलूर
तिथि : 13.09.2013

## 31 मार्च 2013 को समाप्त वित्त वर्ष से संबंधित निदेशकों के रिपोर्ट का परिशिष्ट

| संवैधानिक लेखा परीक्षकों की टिप्पणी | प्रबंधन का जवाब |
|---|---|
| अपनी संप्रभु क्षमता में ठेका रद करने के केंद्र सरकार के नीतिगत निर्णय के पश्चात् मेसर्स देवास मल्टीमीडिया लिमिटेड द्वारा अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य महासंघ, पेरिस (आई सी सी) के समक्ष 1.60 बिलियन अमरीकी डालर (7004.80 करोड़ भारतीय रुपये) की राशि के लिए किए गए दावे के लेखा नोट की आकस्मिक देयता का नहीं बताया जाना। | कंपनी करार के अनुसार मेसर्स देवास मल्टीमीडिया लिमिटेड को मध्यस्थ नियुक्त करने हेतु निर्देश देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय गई थी। कंपनी ने देवास द्वारा आई सी सी की कार्यवाही पर रोक लगाने हेतु निवेदन करते हुए अतिरिक्त नगर सिविल जज, बेंगलूर के समक्ष एक मध्यस्थता आवेदन और मुकदमा भी दायर किया था। भारतीय मध्यस्थता और निवारण अधिनियम, 1996 के अन्य प्रावधानों के अनुसार एंट्रिक्स को उपलब्ध समाधान के साथ पक्षपात किए बिना कंपनी द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका खारिज कर दी गई है। इस आदेश के विरुद्ध एंट्रिक्स द्वारा दायर की पुनरीक्षा याचिका भी खारिज कर दी गई है।<br><br>एंट्रिक्स ने अपने वकील के माध्यम से आई सी सी न्यायाधिकरण के समक्ष करार के अंतर्गत देयता के अधिकार क्षेत्र और सीमा का मुद्दा उठाया है, जो कि देवास को अपफ्रंट क्षमता आरक्षण शुल्क के रूप में 58.37 करोड़ रुपये की वापसी के बारे में है।<br><br>मध्यस्थता याचिका (मध्यस्थता और निवारण अधिनियम, 1996 की धारा 9 के अंतर्गत) और अतिरिक्त नगर सिविल जज, बेंगलूर के समक्ष दायर सिविल याचिका अब भी लंबित है।<br><br>चूंकि बाहरी प्रवाह की संभावना काफी कम है, इस दावे को आकस्मिक देयता के रूप में लेखा में नहीं बताया गया। मध्यस्थता के फैसले का अंतिम निपटान होने पर, यदि कुछ हुआ तो, फैसले को स्वीकार करने के वर्ष में उपयुक्त लेखा संबंधी उपचार किया जाएगा। |

## 31 मार्च 2013 को समाप्त वित्त वर्ष से संबंधित निदेशकों के रिपोर्ट का परिशिष्ट

| नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणी | प्रबंधन का जवाब |
|---|---|
| **नियंत्रक और महा लेखापरीक्षक की टिप्पणी तुलन पत्र**<br>**आरक्षित और अधिशेष (नोट सं. क)**<br>**93,601.59 लाख भारतीय रुपये**<br>लोक उद्यम विभाग ने अप्रैल 2010 में जारी कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर) पर दिशानिर्देशों के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए सी एस आर बजट का सृजन अनिवार्य कर दिया। 2011-12 की वार्षिक लेखों की लेखा परीक्षा के दौरान दिए गए आश्वासन के बावजूद, कंपनी ने आई एन आर 9.96 करोड़ की निधि के सी एस आर बजट का सृजन नहीं किया है। इसके कारण से आरक्षित निधियों एवं अधिशेष को अधिक दिखया गया है और आई एन आर 9.96 करोड़ की राशि की कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि कम दिखाई गई है। | केवल एक बोर्ड संकल्प (सी एस आर दिशानिर्देश के अनुच्छेद 5.1) के माध्यम से लाभ के प्रतिशत के रूप में प्रत्येक वर्ष लिए सी एस आर बजट/निधि का सृजन किया जाना है। तदनुसार, चूंकि बोर्ड पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही थी, कंपनी ने प्रभावी क्रियान्वयन और लेखा प्रबंधन के लिए सी एस आर संबंधी क्रियाकलापों का पालन करने की बात नए निदेशक मंडल के समक्ष ले जाने का आश्वासन दिया था। कंपनी के निदेशक मंडल का पुनर्गठन जून 2013 के दौरान ही पूरा हुआ।<br>तदनंतर, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों के लिए सरकार द्वारा अधिसूचित संशोधित दिशानिर्देश केवल अप्रैल 2013 के बाद से ही लागू है और सी एस आर के लिए प्रावधान पिछले वर्ष के मुनाफे पर आधारित होगा। नए कंपनी अधिनियम 2013 में सी एस आर के लिए संवैधानिक प्रावधान (धारा 135) और सी एस आर नीति में किए जाने वाले क्रियाकलापों के लिए अनुसूची VII को शामिल किया गया है, जिसका अनुपालन किया जाएगा। |
| **वर्तमान देयताएं**<br>**अन्य वर्तमान देयताएं - आई एन आर 47313.72 लाख**<br>उपर्युक्त देयता में जनवरी 2009 से मार्च 2013 तक आई एन आर 7.57 करोड़ रुपये की सेवा कर एवं उस पर 1.42 करोड़ रुपये के ब्याज की देयता शामिल नहीं है। इसके कारण 8.99 करोड़ रुपये की वर्तमान देयताएं, 7.57 करोड़ रुपये की वर्तमान परिसंपत्तियां कम दिखाई गई है और 1.42 करोड़ रुपये का अधिक लाभ दिखाया गया है। | सेवा कर विभाग की आंतरिक लेखा परीक्षा दल ने 19.03.2013 को ही अपने प्रारंभिक लेखा परीक्षा संबंधी अवलोकन जारी किए और कंपनी की लेखा पुस्तिका में इस तिथि से पूर्व 8.99 करोड़ रुपये की देयता नहीं थी।<br>चूंकि, यह कानून की व्याख्या का प्रश्न था, कंपनी ने कानूनी सलाह मांगी और वह 09.05.2013 को ही प्राप्त हुई तथा इसीलिए, 7.57 करोड़ रुपये की सेवा कर देयता 09.05.2013 को ही बनी। कंपनी ने अपने आप 29.05.2013 को उस तिथि तक अर्जित ब्याज सहित अपनी देयता निपटा ली।<br>लेखा मानक-ए एस-4 के पैरा 8.3 से 8.4 और 15 (तुलन पत्र तिथि के बाद आकस्मिकताएं एवं घटनाएं) के अनुसार यदि ऐसी घटनाएं तुलन पत्र तिथि को विद्यमान स्थिति से मेल नहीं खाती हैं तो तुलन पत्र तिथि के बाद की घटनाओं के लिए परिसंपत्तियों एवं देयताओं का समायोजन उचित नहीं है। कंपनी के विचार में तुलन पत्र की तिथि के दिन 8.99 करोड़ रुपये की देयता स्वीकार करने की स्थिति नहीं थी। तथापि, विभाग को भुगतान किया गया सेवा कर ग्राहकों से पूर्णतः वसूली योग्य है। इसलिए 31 मार्च, 2013 की लेखा पुस्तिका में देयता और परिसंपत्तियों का कोई समायोजन नहीं किया गया। |

कर के पश्चात लाभ (करोड़ रुपयों में)




प्रदत्त शेयर पूंजी के प्रतिशत के रूप में लाभांश



## राजस्व के प्रतिशत के रूप में व्यय




## प्रदत्त पूंजी के प्रति रुपये का निवल मूल्य (रुपयों में)



# अनुपालन प्रमाण-पत्र

पंजीकरण सं. : U85110KA1992GOI13570
प्राधिकृत पूँजी : रु 5 करोड़
प्रदत्त पूंजी : रु 1 करोड़

सेवा में,
सदस्य
एन्ट्रिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड
अन्तरिक्ष भवन
न्यू बी.ई.एल. रोड के पास
बेंगलूर-560231

मैंने एन्ट्रिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड के 31 मार्च, 2013 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए कम्पनी अधिनियम, 1956 के तहत अपेक्षित रजिस्टर, रिकार्ड, पुस्तकें और कागजात तथा उसके तहत बनाये गये नियम और कम्पनी के ज्ञापन एवं अंतर्नियम में निहित प्रावधानों की जाँच की है। मेरी राय और जानकारी में और मेरे द्वारा की गई जाँच के अनुसार और कम्पनी, इसके अधिकारियों एवं एजेन्टों द्वारा मुझे दिये गये स्पष्टीकरणों के अनुसार, मैं प्रमाणित करता हूँ कि उक्त वित्त वर्ष के संबंध में:

1. कम्पनी द्वारा इस प्रमाण-पत्र के अनुबंध 'क' में उल्लिखित सभी रजिस्टर अधिनियम और उसके तहत बनाये गये नियमों के प्रावधानों के अनुसार रखे गये हैं और सभी प्रविष्टियाँ उनमें विधिवत् रिकार्ड की गई हैं।
2. कम्पनी ने, इस प्रमाण्-पत्र के अनुबंध 'ख' में उल्लिखित फार्म एवं रिटर्न (रिपोर्ट) को कम्पनी रजिस्ट्रार के पास अधिनियम तथा उसके तहत बनाये गये नियमों के अधीन निर्धारित समय के भीतर विधिवत् जमा कराई हैं।
3. यह कम्पनी एक सरकारी कम्पनी है, जो भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व में है । इसके पास न्यूनतम निर्धारित प्रदत्त पूँजी है और उक्त वित्त वर्ष के दौरान इसके अधिकतम सदस्यों की संख्या दो थी और जाँचाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने
   i) अपने शेयर अथवा डिबेंचर खरीदने हेतु लोगों को आमंत्रित नहीं किया; और
   ii) न ही कोई जमा आमंत्रित अथवा स्वीकार की है ।
4. निदेशक मण्डल की जून 27, 2012, अगस्त 30, 2012, दिसंबर 19, 2012 और मार्च 26, 2013 को विधिवत् चार बैठकें आयोजित की गई और इन बैठकों के संबंध में सूचनाएँ दी गई थीं तथा जारी किए गए परिपत्र, संकल्पों सहित बैठक की कार्यवाहियों को सही ढंग से रिकार्ड किया गया और इस उद्देश्य हेतु रखी कार्यवृत्त-पुस्तका में हस्ताक्षर किए गए।
5. कम्पनी को वित्तीय वर्ष के दौरान अपने सदस्यों अथवा डिबेंचर की रजिस्टर बन्द करना अपेक्षित नहीं था ।
6. 31.3.2012 को समाप्त वित्त वर्ष की महा सभा की बैठक कम्पनी के सदस्यों को विधिवत् सूचित करते हुए सितंबर 26, 2012 को हुई और बैठक में पारित किए गए संकल्पों को, इस हेतु रखी कार्यवृत्त-पुस्तिका में विधिवत् दर्ज किया गया।
7. वित्तीय वर्ष में कोई असाधारण महासभा नहीं बुलाई गई।
8. कम्पनी के सरकारी कम्पनी होने के नाते, उस पर दि.16.7.1985 की सरकारी अधिसूचना सं.जी.एस.आर.581 (स्था.) के द्वारा अधिनियम की धारा 295 लागू नहीं होती ।
9. कम्पनी ने अधिनियम की धारा 297 में विनिर्दिष्ट संविदाओं के संदर्भ में, उक्त धारा के अंतर्गत आने वाली किसी संविदा पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं ।
10. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अधिनियम की धारा 301 के अनुसार रखे गये रजिस्टर में कम्पनी को कोई प्रविष्टि कराना अपेक्षित नहीं था।
11. चूँकि अधिनियम की धारा 314 की परिधि में आने वाली कोई घटना नहीं हुई, कम्पनी ने निदेशक मण्डल, सदस्यों अथवा केन्द्र सरकार से कोई मंजूरी प्राप्त नहीं की है।
12. कम्पनी ने वित्तीय वर्ष के दौरान शेयर प्रमाण-पत्र की कोई दूसरी प्रति जारी नहीं की है।
13. कम्पनी ने:
    i) वित्तीय वर्ष के दौरान कोई प्रतिभूति हस्तांतरित नहीं की है।
    ii) घोषित लाभांश की राशि, इस उद्देश्य हेतु खोले गये एक अलग बैंक खाते में जमा करा दी है और यह लाभांश की राशि ऐसे लाभांश के घोषित होने के दिनांक से पाँच दिनों के अंदर जमा कराई है।
    iii) घोषणा के दिनांक से तीस दिनों की अवधि के अंदर सभी सदस्यों को लाभांश का भुगतान कर दिया है।
    iv) कम्पनी को अप्रदत्त लाभांश, वापस देने योग्य आवेदन राशि, देय जमा, देय डिबेंचर और उस पर प्राप्त ब्याज जिनका कि अभी तक दावा नहीं किया गया, या जिनका निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि को सात वर्ष

की अवधि तक भुगतान नहीं किया गया हो, के आवेदनों के लिये कोई धन-राशि अंतरित करने की आवश्यकता नहीं पड़ी क्योंकि ऐसी कोई राशि कम्पनी के पास नहीं है।

v) अधिनियम की धारा 217 के अपेक्षित प्रावधानों का विधिवत् अनुपालन किया है ।

14. कम्पनी के निदेशक मण्डल का विधिवत् गठन किया गया है और आकस्मिक रिक्तियों को भरने हेतु निदेशकों, अपर निदेशकों, वैकल्पिक निदेशकों तथा निदेशकों की नियुक्तियां विधिवत की गई हैं।

15. अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में वितीय वर्ष के दौरान कम्पनी ने पूर्णकालिक निदेशक को नियुक्त किया है।

16. वितीय वर्ष में कम्पनी ने कोई एकल-विक्रेता एजेन्ट नियुक्त नहीं किया है ।

17. कम्पनी ने अतिरिक्त आँकड़ों के प्रकाशन के संबंध में अधिनियम के भाग II, अनुसूची VI के प्रावधानों में संशोधन करने हेतु कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 211(4) के अनुसरण में केन्द्र सरकार का अनुमोदन प्राप्त कर लिया है ।

18. अधिनियम तथा उनके तहत बनाये गये नियमों के प्रावधानों के अनुसरण में निदेशकों ने अन्य फर्मों / कम्पनियों में अपनी अभिरुचि निदेशक मण्डल के सामने प्रकट की है ।

19. कम्पनी ने वितीय वर्ष के दौरान कोई भी शेयर/डिबेंन्चर/अन्य प्रतिभूतियाँ जारी नहीं की हैं ।

20. वितीय वर्ष के दौरान कम्पनी ने कोई भी शेयर वापस नहीं खरीदे हैं ।

21. वितीय वर्ष में किसी भी अधिमानी शेयर अथवा डिबेन्चर के प्रति क्षतिपूर्ति नहीं की गई ।

22. ऐसे कोई, लेन-देन नहीं हुए कि कम्पनी को लाभांश के अधिकार, शेयर के अधिकार को स्थगित रखने तथा बोनस शेयरों के शेयर हस्तांतरण के पंजीकरण लंबित रखने की कोई आवश्यकता पड़े ।

23. कम्पनी ने वितीय वर्ष के दौरान अधिनियम की धारा 58ए के प्रावधानों के अधीन आने वाले किसी भी असुरक्षित ऋण सहित किसी भी प्रकार की जमा न आमंत्रित की है न ही स्वीकार की है ।

24. समीक्षाधीन वितीय वर्ष के दौरान, कम्पनी के द्वारा कोई राशि उधार नहीं ली गई है।

25. कम्पनी ने किन्हीं अन्य कार्पोरेट निकायों से किसी भी प्रकार का ऋण एवं निवेश अथवा अग्रिम न लिया है और न ही कोई गारंटी या कोई प्रतिभूति दी है, और परिणामस्वरूप इस उद्देश्य हेतु रखी रजिस्टर में कोई प्रविष्टि नहीं की गई है ।

26. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के एक राज्य से दूसरे में अवस्थिति के संबंध में ज्ञापन-पत्र के प्रावधानों में कोई फेर-बदल नहीं किया है।

27. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने कम्पनी के एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थित पंजीकृत कार्यालय की स्थिति के संबंध में ज्ञापन-पत्र के प्रावधानों में कोई फेर-बदल नहीं किया है।

28. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने कम्पनी के लक्ष्य के संदर्भ में ज्ञापन-पत्र के प्रावधानों में कोई फेर बदल नहीं किया है।

29. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने कम्पनी की शेयर पूँजी के संबंध में ज्ञापन-पत्र के प्रावधानों में कोई फेर बदल नहीं किया है ।

30. वितीय वर्ष के दौरान कम्पनी ने अपनी संस्था के अंतर्नियम में कोई परिवर्तन नहीं किया है।

31. वर्ष के दौरान 1.87 लाख रुपये के सेवा कर की मांग करते हुए कंपनी को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है, जिसका कंपनी ने भुगतान कर दिया है। कंपनी के विरुद्ध कोई अभियोग नहीं चलाया गया और वितीय वर्ष के दौरान कंपनी पर कोई जुर्माना एवं दंड अथवा अन्य कोई सजा नहीं लगाई गई है।

32. वर्ष के दौरान कंपनी ने अपने कर्मचारियों से कोई प्रतिभूति जमा प्राप्त नहीं की है।

33. कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के प्रावधान इस कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

दिनांक : 19 जून, 2013
स्थान : बेंगलूर

हस्ता/-
नाम: वी.पद्मनाभन
सी.पी. सं.6283

## अनुबंध क

संवैधानिक पंजियाँ

1. धारा 150 के तहत सदस्यों की पंजी
2. धारा 193 के तहत मण्डल के बैठक की कार्यवृत पुस्तिका
3. धारा 193 के तहत महासभा की कार्यवृत्त पुस्तिका
4. धारा 303 के तहत निदेशकों की पंजी
5. धारा 372ए के तहत निवेश की पंजी
6. धारा 301 के तहत संविदाओं की पंजी

अन्य पंजियाँ

1. निदेशकों की उपस्थिति पंजी
2. हस्तांतरणों की पंजी

## अनुबंध ख

31 मार्च, 2013 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान कम्पनी रजिस्ट्रार, कर्नाटक के पास कम्पनी द्वारा दायर किये गये फार्म और रिटर्न

| क्र. सं. | दर्ज दस्तावेज | धारा के तहत | घटना का उद्देश्य तथा दिनांक | दर्ज कराने का दिनांक | पावती सं. | क्या समय पर भरे गये |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | फार्म 23 ए सी | 220 | 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखा | 15.01.13 | क्यू05903455 | हां |
| 2. | फार्म 66 | 383ए | 31 मार्च, 2012 समाप्त वर्ष के लिए अनुपालन प्रमाण पत्र | 16.10.12 | पी90508755 | हां |
| 3. | फार्म 20 बी | 159 | 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक रिटर्न | 22.11.12 | क्यू01152859 | हां |
| 4. | फार्म 32 | 303 | डॉ. आर. आर. नवलगुंद का त्यागपत्र | 31.07.12 | बी44448553 | नहीं |
| 5. | फार्म 32 | 303 | श्री एस. श्रीनिवासन की नियुक्ति | 31.07.12 | बी44448884 | हां |
| 6. | फार्म 32 | 303 | श्री एस. के. शिवकुमार की नियुक्ति | 23.09.12 | बी58121203 | हां |
| 7. | फार्म 32 | 303 | श्री एस. के. शिवकुमार का त्यागपत्र | 20.11.12 | बी62082029 | हां |
| 8. | फार्म 32 | 303 | श्री एस. श्रीनिवासन एवं श्री पी. एस. वीरराघवन के त्यागपत्र | 07.12.12 | बी63310403 | हां |
| 9. | फार्म 32 | 303 | निदेशक के रूप में श्री ए. विजय आनंद, श्री पी. जे. मैथ्यू, श्री वी. कोटेश्वर राव, श्री एस. परमेश्वरन, श्री ई. वसंता और श्री जॉन पी. जकारिया की नियुक्ति | 17.12.12 | बी63977854 | हां |

## लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,
मेसर्स एंट्रिक्स कार्पोरेशन लिमिटेट के सदस्यों
बैंगलूर

**वित्तीय विवरणी पर रिपोर्ट**

हमने मेसर्स एंट्रिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड 'कंपनी' की 31 मार्च 2013 के संलग्न तुलनपत्र तथा उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लाभ और हानि लेखा एवं नकद प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखा नीतियों तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचना की लेखा परीक्षा की है।

**वित्तीय विवरण हेतु प्रबंधन की जिम्मेदारी**

इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने की जिम्मेदारी प्रबंधन की है, जो कि कंपनी अधिनियम, 1956 ('अधिनियम') की धारा 211 की उप-धारा (3सी) में वर्णित लेखा मानकों के अनुसार वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन और नकद प्रवाहों की सच्ची और सही स्थिति दर्शाते हैं। इस जिम्मेदारी में वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए महत्वपूर्ण डिजाइन, क्रियान्वयन तथा आंतरिक नियंत्रण शामिल है जो कि एक सच्ची और सही स्थिति दर्शाते हैं और ये धोखा अथवा त्रुटि के कारण होने वाले तथ्यात्मक गलत विवरण से मुक्त हैं।

**लेखा परीक्षक की जिम्मेदारी**

हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर अपनी राय व्यक्त करना हमारी जिम्मेदारी है। हमने भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स संस्था द्वारा जारी लेखा मानकों के अनुसार लेखा परीक्षा आयोजित की। उन मानकों के अनुसार हमसे अपेक्षा की जाती है कि हम नैतिक आवश्यकताओं को पूरा करें और क्या वित्तीय विवरण तथ्यात्मक गलत विविरण से मुक्त हैं इसके लिए विवेकपूर्ण आश्वासन प्राप्त करने हेतु लेखा परीक्षा का आयोजन और निष्पादन करें।

किसी लेखा पीरक्षा में वित्तीय विवरणों में राशियों और प्रकटीकरण के बारे में लेखा परीक्षा संबंधी साक्ष्य प्राप्त करने की निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। धोखा अथवा त्रुटि के कारण वित्तीय विवरणों में तथ्यात्मक रूप से गलत विवरणों के जोखिम के आकलन सहित चयनित प्रक्रियाएं लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर हैं। वैसे जोखिमों के आकलन करने में लेखा परीक्षक उन परिस्थितियों में उचित लेखा परीक्षा की प्रक्रियाओं का डिजाइन करने हेतु कंपनी के वित्तीय विवरणों की तैयारी और अच्छी प्रस्तुति हेतु महत्वपूर्ण आंतरिक नियंत्रण पर विचार करता है। किसी लेखा परीक्षा में उपयोग में लाई गई लेखा नीतियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन और प्रबंधन द्वारा लेखा संबंधी आकलनों की विवेकशीलता तथा वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति का मूल्यांकन शामिल है।

हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य लेखा परीक्षा विचार हेतु आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है।

1. **आपका ध्यान आकृष्ट किया जाता है :**

   **क) अपनी संप्रभु क्षमता में केंद्रीय सरकार के नीतिगत निर्णय के अनुसार ठेके के रद्द किए जाने के पश्चात् अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य महासंघ, पेरिस (आई सी सी) के समक्ष मेसर्स देवास मल्टीमीडिया लिमिटेड द्वारा किए गए दावे के संबंध में 1.60 बिलियन अमरीकी डालर (7004.80 करोड़ भारतीय रुपये) की राशि के बारे में लेखा संबंधी नोट में आकस्मिक देयता का प्रकटीकरण नहीं करना।**

   **ख) नोट सं. 8 एवं 9 - 373.21 करोड़ रुपये के विवादास्पद के-वैट और सी एस टी के संबंध में है।**

   **ग) नोट सं. 10 - 1.06 करोड़ रुपये के विवादास्पद सेवाकर के संबंध में है।**

   **घ) नोट सं. 19 - विविध कर्जदार, विविध लेनदार, वसूली योग्य अग्रिम तथा अन्य देयताओं के शेष की पुष्टि की अनुपलब्धता के संबंध में है।**

   **ङ) नोट सं. 20 - वर्ष के अंत में डी ओ एस/इसरो के खातों में बचे हुए शेष के संबंध में है जिसकी अभी डी ओ एस द्वारा पुष्टि की जानी है।**

2. **मेसर्स देवास मल्टीमीडिया लिमिटेड के साथ तय किए गए ठेके के अनुसार नियत तारीख के अंदर पूर्ण प्रचालनीय उपग्रह को पट्टे पर देने की क्षमता में असफलता हाने पर तुलन-पत्र की तारीख में विलंबित सुपुर्दगी जुर्माना के रूप में यूएस $ 5 मिलियन (21.89 करोड़ रुपए) की निर्धारित क्षति के लिए उत्तरदायी होने के बारे में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। प्रबंधन की राय में वर्तमान में कोई प्रावधान करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि मध्यस्थता कार्यवाही से संबंधित मामला न्यायाधीन है तथा इसे आकस्मिक देयता के रूप में प्रकट किया गया है।**

**विचार**

हमें दिए गए स्पष्टीकरण के आधार पर, हमारे विचार में और हमें प्राप्त सूचना निम्न प्रकार है :

1. **अनुबंध में किए गए अवलोकन का संदर्भ नीचे पैराग्राफ - 1 में दिया गया है;**

II. **उपर्युक्त पैराग्राफ 2 में वर्णन के अनुसार परिनिर्धारित नुकसानी के बाबत 21.89 करोड़ रुपये की सीमा तक लाभ एवं रिजर्व को वास्तविकता से ज्यादा और देयताओं को वास्तविकता से कम बताया गया है;**

III. **उपर्युक्त पैराग्राफ 1 की टिप्पणियों, लाभ, रिजर्व, परिसंपत्तियों और देयताओं पर उनके प्रभाव का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।**

वित्तीय विवरण अधिनियम के अनुसार अपेक्षित तरीके से सूचना प्रदान करते हैं और भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखा सिद्धांतो के अनुसार सही तथा सच्ची स्थिति दर्शाते हैं :

(क) 31 मार्च, 2013 को कंपनी की स्थिति के बारे में तुलन पत्र के मामले में

(ख) लाभ और हानि के विवरण के मामले में वर्ष की समाप्ति पर उसी तिथि को लाभ

(ग) नकद प्रवाह विवरण के मामले में वर्ष की समाप्ति पर उसी तिथि को नकद प्रवाह

**अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट**

1. अधिनियम की धारा 227 की उप-धारा (4ए) के अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी तथा कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2003 द्वारा यथापेक्षित हम अपने आदेश के पैरा 4 एवं 5 में निर्दिष्ट बातों पर अनुबंध में एक विवरण प्रस्तुत करते हैं।

2. अधिनियम की धारा 227 (3) द्वारा अपेक्षानुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि :

(क) हमने सभी सूचना एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं, जो कि हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा की दृष्टि से अनिवार्य थे,

(ख) हमारा मानना है कि कंपनी द्वारा नियम की अपेक्षा के अनुसार लेखा पुस्तिकाएं सही प्रकार से रखी गई हैं जैसा कि पुस्तिकाओं की जांच से पता चलता है,

(ग) तुलन पत्र, लाभ और हानि के विवरण के बारे में यह रिपोर्ट लेखा पुस्तिका से मेल खाती है,

(घ) हमारे विचार में, तुलन-पत्र, लाभ और हानि लेखा एवं नकद प्रवाह विवरण कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 211 की उप-धारा (3सी) में वर्णित लेखा मानकों के अनुसार हैं,

(ङ) 31 मार्च, 2013 को निदेशकों से प्राप्त लिखित अभ्यावेदनों के आधार पर और निदेशक मंडल द्वारा दर्ज रिकार्ड के आधार पर कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 274 की उप-धारा (1) खंड (छ) के अनुसार निदेशकों में से किसी को भी निदेशक के पद पर नियुक्त किए जाने हेतु 31 मार्च, 2013 को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता है।

**कृते ज्ञानोबा व भट्ट**
**चार्टर्ड एकाउंटेन्टस**
**फर्म पंजीकरण सं. 000939एस**

हस्ता/-
**(के. आर. ज्ञानोबा)**
**भागीदार**
**सदस्यता सं. 23137**

स्थान : बैंगलूर
तिथि : 26.06.2013

## हमारी समान तिथि की रिपोर्ट के पैरा 1 में वर्णित लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का अनुबंध

i) स्थायी परिसंपत्तियों के मामले में

क) कंपनी ने स्थायी परिसंपत्तियों की परिमाणात्मक विवरण और स्थिति सहित संपूर्ण विवरण को दर्शाने हेतु समुचित रूप में रिकार्ड रखा है।

ख) हमें दी गई सूचना तथा दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा गठित समिति द्वारा स्थायी परिसंपत्तियों की भौतिक जांच की गई है। हमारे विचार में जांच की आवृति संगत है। हमें दी गई सूचना तथा स्पष्टीकरण के अनुसार जांच के दौरान कोई तात्विक विसंगतियां नहीं पाई गई।

ग) वर्ष के दौरान कंपनी ने अपनी स्थायी परिसंपत्ति के किसी बड़े भाग को नहीं हटाया और इसलिए यह खंड लागू नहीं होता।

ii) कंपनी के पास कोई संपत्ति सूची नहीं है। अतः खंड (ii) (क), (ख) एवं (ग) लागू नहीं होते हैं।

iii) कम्पनी ने, कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 के अंतर्गत रखे गए रजिस्टर में सूचित कम्पनियों, फर्मों तथा अन्य पार्टियों से न ही सुरक्षित/असुरक्षित ऋण लिया है और न ही दिया है। अतः इस खण्ड के अधीन आने वाले मामलों पर टिप्पणी करने का प्रश्न नहीं उठता।

iv) हमारे विचार में और हमें दी गई सूचना तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार, स्थाई परिसम्पत्तियों के क्रय तथा माल की बिक्री और सेवाओं के संबंध में कम्पनी के स्वरूप तथा उसके व्यापार की प्रकृति के अनुरूप पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण कार्यप्रणाली विद्यमान है। हमारे विचार में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है।

v) हमें दी गई सूचना के अनुसार धारा 301 के अंतर्गत अनुरक्षित पंजी में की जाने वाली प्रविष्टि की अपेक्षा के तहत कोई लेन-देन नहीं हुआ है। इसलिए खंड (v) (ख) के प्रावधान इस कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

vi) अभिलेख के आधार पर तथा हमें दी गई सूचना के अनुसार कंपनी ने जनता से कोई जमा स्वीकार नहीं की है।

vii) हमारे विचार में, कम्पनी के पास कम्पनी के स्वरूप तथा उसके व्यापार की प्रकृति के अनुरूप एक आंतरिक लेखा-परीक्षा प्रणाली उपलब्ध है।

viii) केन्द्रीय सरकार ने कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 209 (1) (डी) के तहत लागत का रिकार्ड रखना निर्धारित नहीं किया है।

ix) क) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी जहां कहीं भी लागू हो उस अवधि के दौरान निवेशक शिक्षा और संरक्षा निधि, आय कर, बिक्री कर, सेवा कर, उप कर और अन्य सांविधिक बकाये सहित गैर विवादित सांविधिक बकायों को सामान्यः नियमित रूप मे जमा कराया है और लेखा परीक्षा वाले वर्ष के दौरान भविष्य निधि अधिनियम तथा कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

ख) हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, आयकर, सेवा कर, उपकर की कोई देयता नहीं है, जिन्हें किसी भी विवाद के कारण जमा नहीं किया गया है। फिर भी, 01.04.2005 से 31.03.2010 की अवधि के लिए के-वी.ए.टी एवं सी.एस.टी. के संबंध में जो 373.21 करोड़ रुपये का कर्नाटक वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा माँग की गई थी, वह विवाद के अधीन है तथा मामला माननीय उच्चतम न्यायालय के अधीन लम्बित है। दंड सहित 1.06 करोड़ रुपये के सेवा कर के लिए बड़े कर भुगतान करने वाले यूनिट द्वारा उठाई गई माँग को सीमा शुल्क एवं सेवा कर अपीलीय प्राधिकरण (सी.ई.एस.टी.ए.टी.), बेंगलुर के समक्ष अपील की गई है, जिसे लेखा नोट सं. 10 के अन्य नोट के भाग में विस्तृत रूप से दिया गया है।

x) 31.03.2013 के अनुसार, कम्पनी में कोई संचयित हानि नहीं हुई और कम्पनी को हमारे लेखा-परीक्षाधीन वित वर्ष व पिछले वित वर्ष के दौरान कोई नकद हानि नहीं हुई है।

xi) हमारी लेखा परीक्षा की प्रक्रियाओं और प्रबंधन द्वारा दी गई सूचना तथा स्पष्टीकरण के आधार पर कंपनी पर किसी भी वित्तीय संस्था अथवा बैंक का कोई बकाया नहीं है।

xii) हमें प्रदान की गई सूचना तथा हमारी जांच के अनुसार कंपनी ने शेयर, डिबेंचर तथा अन्य प्रतिभूतियों को गिरवी

रख कर प्रतिभूति के आधार पर कोई ऋण तथा अग्रिम मंजूर नहीं किया है और इसलिए आदेश का खंड (xii) इस कंपनी पर लागू नहीं होता है।

xiii) हमारे विचार से कम्पनी चिट फंड या एक निधि या एक पारस्परिक लाभ निधि/सोसायटी नहीं है। अत: कम्पनी पर खंड (xiii) का प्रावधान लागू नहीं होता।

xiv) कम्पनी किसी भी तरह के शेयर, प्रतिभूति, डिबेंचर तथा अन्य निवेश के सौदे या व्यापार नहीं कर रही है। तदनुसार, खण्ड (xiv) के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं होते हैं।

xv) प्रबंधन द्वारा हमें दी गयी सूचना तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार, कम्पनी ने अन्य लोगों द्वारा बैंकों या वित्तीय संस्थाओं से लिये गये ऋण पर कोई गारंटी नहीं दी है।

xvi) हमें दी गयी सूचना तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, कम्पनी ने कोई आवधिक ऋण नहीं लिया है।

xvii) हमारे द्वारा की गई नकद प्रवाह विवरण और रिकार्डों की जांच तथा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार समग्र रूप मे इस अवधि के दौरान प्रथम दृष्टया अल्पावधि के लिए प्राप्त निधियों का दीर्घावधि निवेश हेतु उपयोग नहीं किया गया है।

xviii) कंपनी ने अधिनियम की धारा 301 के अंतर्गत रखे गए पंजी में पार्टियों एवं कंपनियों को अधिमानत: किसी शेयरों का आबंटन नहीं किया है और तद्नुसार आदेश के खंड (xviii) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

xix) कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई डिबेंचर जारी नही की है और इसीलिए आदेश का खंड (xix) कंपनी पर लागू नहीं होता है।

xx) कंपनी ने रिपोर्ट के अधीन वर्ष के दौरान सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से किसी धन का अर्जन नहीं किया है और इसीलिए आदेश का खंड (xx) लागू नहीं होता है।

xxi) हमारी जानकारी और विश्वास के आधार पर तथा प्रबंधन द्वारा हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार वर्ष के दौरान कोई धोखा नहीं देखा अथवा पाया गया है।

**कृते ज्ञानोबा व भट्ट**
**चार्टर्ड एकाउंटेन्ट्स**
**फर्म पंजीकरण सं. 000939एस**

हस्ता/-
**(के. आर. ज्ञानोबा)**
**भागीदार**
**सदस्यता सं. 23137**

स्थान : बैंगलूर
तिथि : 26.06.2013

## दिनांक 31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए एन्ट्रिक्स कार्पोरेशन लि., बेंगलूर के लेखों पर कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 (4) के अधीन भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणी

31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए एन्ट्रिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड, बेंगलूर के वित्तीय विवरण, कम्पनी अधिनियम, 1956 में विनिर्दिष्ट वित्तीय रिपोर्टिंग कार्य ढाँचे के अनुसार तैयार करना कम्पनी के प्रबन्धन की जिम्मेदारी है। कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (2) के तहत् भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त संवैधानिक लेखा-परीक्षक की जिम्मेदारी अपने व्यावसायिक निकाय, भारतीय चार्टर्ड अकाउण्टेण्ट्स संस्थान द्वारा विनिर्दिष्ट लेखा-परीक्षा मानक के अनुसार स्वतंत्र रूप से लेखा-परीक्षा करते हुए कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 227 के तहत् इन वित्तीय विवरणों पर अपना विचार व्यक्त करना है। उनके दिनांक 26 जून, 2013 की लेखा परीक्षा रिपोर्ट में ऐसा करने के बारे में उल्लेख है।

मैंने कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 (3) (ख) के तहत् भारत के नियंत्रक एवं महा-लेखा परीक्षक की तरफ से 31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए एन्ट्रिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड, बेंगलूर के वित्तीय विवरणों की पूरक लेखा-परीक्षा की है। यह पूरक लेखा परीक्षा संवैधानिक लेखापरीक्षकों के कार्य संबंधी कागज़ात प्राप्त किये बिना स्वतंत्र रूप से की गयी है और प्राथमिक रूप से यह संवैधानिक लेखापरीक्षकों और कम्पनी के कार्मिकों से पूछताछ और चयनित कुछ लेखाविधि रिकार्डों तक ही सीमित है।

हमारी पूरक लेखा परीक्षा के आधार पर, कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619 (4) के तहत् मैं निम्नलिखित महत्वपूर्ण बातें उजागर करना चाहूंगा जो मेरे ध्यान में आई है और जो मेरी समझ में आई है और जो मेरी समझा में वित्तीय विवरणें तथा इससे संबंधित लेखा परीक्षा रिपोर्ट की बेहतर जानकारी प्राप्त करने हेतु आवश्यक हैं।

**तुलन पत्र**

**आरक्षित एवं बचत (नोट सं.क) ₹93,601.59 लाख**

सार्वजनिक उद्यम विभाग ने अप्रैल 2010 में कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व पर जारी निर्देशों द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए सी.एस.आर. बजट के सृजन को अनिवार्य बनाया । 2011-12 के वार्षिक लेखा की लेखापरीक्षा में दिए गए आश्वासन के बावजूद कंपनी ने ₹9.96 करोड़ राशि की कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.) निधि का सृजन नहीं किया है ।

इसकी वजह से आरक्षित एवं बचत की अति विवरण तथा ₹ 9.96 करोड़ राशि को कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व निधि का अति विवरण हुआ ।

**चालू प्रतिदेयताएँ**

**अन्य चालू प्रतिदेयताएँ - ₹47313.72 लाख**

उपरोक्त राशि में जनवरी 2009 से मार्च 2013 की अवधि के लिए ₹7.57 करोड और ₹1.42 करोड़ पर ब्याज के सेवा कर प्रतिदेयता शामिल नहीं हैं । इसकी वजह से ₹7.99 करोड की चालू प्रतिदेयताओं, ₹7.57 करोड़ की चालू परिसम्पत्तियों की न्यूनविवरण तथा ₹1.42 करोड़ के लाभ का अतिविवरण हुआ है ।

**भारत के नियंत्रक एवं लेखा परिक्षक के लिए**
**एवं उनकी ओर से**

हस्ता/-
**(अत्रेयी दास)**
**प्रधान निदेशक, वाणिज्य लेखा परीक्ष एवं पदेन सदस्य,**
**लेखापरीक्षा बोर्ड-IV**

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 13.09.2013

# विस्तृत वित्तियाँ

## 31.03.2013 के अनुसार तुलन पत्र

(रुपये लाखों में)

| विवरण | | नोट सं | 31.03.2013 को समाप्त चालू रिपोर्टिंग अवधि के लिए | 31.03.2012 को समाप्त पिछली रिपोर्टिंग अवधि के लिए |
|---|---|---|---|---|
| I. | **इक्विटी व देयताएँ:** | | | |
| 1) | शेयरधारियों की निधि: | | | |
| | (क) शेयर पूँजी | क | 100.00 | 100.00 |
| | (ख) रिज़र्व तथा अधिशेष | ख | 93,601,59 | 80038.57 |
| 2) | **दीर्घकालीन देयता:** | | | |
| | (क) अन्य दीर्घकालावधि देयताएँ | ग | 1,11,006.83 | 1,18,013.08 |
| | (ख) दीर्घकालावधि प्रावधान | घ | 27.82 | 16.96 |
| 3) | **चालू परिसम्पत्तियाँ** | | | |
| | (क) व्यापार देय | | 24,743.01 | 22,842.35 |
| | (ख) अय चालू देयताएँ | ङ | 47,313.72 | 22,892.12 |
| | (ग) अल्पावधि प्रावधान | च | 4,145.69 | 3,976.04 |
| | **जोड** | | **2,80,938.66** | **2,47,879.12** |
| II. | **परिसम्पत्ति:** | | | |
| 1) | **अस्थगित परिसंपत्ति:** | | | |
| | (क) स्थायी परिसंपत्ति | | | |
| | (i) मूर्त परिसंपत्ति | छ | 1,541.16 | 35.82 |
| | (ii) अमूर्त परिसंपत्ति | ज | 12.88 | 1.90 |
| | (iii) पूंजीगत चालू कार्य | | | 1,381.52 |
| | (ख) अस्थगित कर परिसंपत्ति | | 1,059.06 | 1,021.65 |
| | (ग) दीर्घावधि ऋण एवं अग्रिम | ञ | 44,368.73 | 67,332.58 |
| 2) | **चालू परिसंपत्तियाँ:** | | | |
| | (क) चालू निवेश | ट | 19,387.22 | 23,695.54 |
| | (ख) व्यापार प्राप्तियाँ | ठ | 57,853.09 | 42,517.52 |
| | (ग) नकद एवं नकद के समान | ड | 1,02,789.42 | 98,903.51 |
| | (घ) अल्पावधि ऋण एवं अग्रिम | ढ | 46,665.99 | 5,275.55 |
| | (ङ) अन्य चालू परिसंपत्तियाँ | ण | 7,261.11 | 7,713.53 |
| | **जोड** | | **2,80,938.66** | **2,47,879.12** |
| | लेखा विधि संबंधी नीतियाँ | त | | |
| | लेखाओं पर अन्य टिप्पणियाँ | थ | | |
| **नोट क से थ तक इस तुलन पत्र के अनिवार्य भाग हैं ।** | | | | |

**हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार**
कृते ज्ञानोबा व भट
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
फर्म रजिस्ट्रेशन सं.000939S

बोर्ड के लिए और बोर्ड की ओर से

हस्ता/-
**(के.आर.ज्ञानोबा)**
भागीदार
सदस्यता सं.23137

हस्ता/-
**(एस.परमेश्वरन)**
कार्यकारी निदेशक

हस्ता/-
**(वी.एस.हेगडे)**
अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक

स्थान : बेंगलूर
दिनांक : 26.06.2013

स्थान : बेंगलूर
दिनांक : 26.06.2013

## 31.03. 2013 को समाप्त वर्ष का लाभ तथा हानि लेखा

(रुपये लाखों में)

| विवरण | नोट सं | 31.03.2013 को समाप्त चालू रिपोर्टिंग अवधि के लिए | 31.03.2012 को समाप्त पिछली रिपोर्टिंग अवधि के लिए |
|---|---|---|---|
| I. प्रचालनों से राजस्व | 1 | 1,16,873.69 | 1,05,078.49 |
| II. अन्य आय | 2 | 12,654.52 | 12,982.35 |
| III. कुल आय (I+II) | | 1,29,528.21 | 1,18,060.84 |
| IV. व्यय: | | | |
| (i) प्रचालनों से राजस्व की लागत | 3 | 1,02,962.88 | 92,643.58 |
| (ii) कर्मचारी लाभ व्यय | 4 | 311.60 | 195.16 |
| (iii) मूल्यह्रास व संक्रामण व्यय | | 117.84 | 9.69 |
| (iv) अन्य व्यय | 5 | 741.26 | 730.15 |
| कुल व्यय | | 1,04,133.58 | 93,578.58 |
| V. कर से पहले लाभ | | 25,394.63 | 24,482.26 |
| VI. कर व्यय: | 6 | | |
| (i) चालू कर | | (7,725.05) | (7,502.45) |
| (ii) आस्थगित कर | | 37.41 | 118.56 |
| VII. चालूरत प्रचालनों के अवधि के लिए लाभ (V-VI) | | 17,706.99 | 17,098.37 |
| VIII. प्रत्येक इक्विटी शेयर की आय | | | |
| प्रत्येक इक्विटी शेयर की गणना करने हेतु न्यूमरेटर के रूप में उपयोग की गई राशि लाखों में | | 17,706.99 | 17,098.37 |
| प्रत्येक इक्वीटी शेयर की गणना करने हेतु अंकित मूल्य के रूप में उपयोग की गई राशि | | 1,00,000 | 1,00,000 |
| इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य | | 100.00 | 100.00 |
| प्रत्येक इक्विटी शेयर का मूल तथा जनित अर्जन से | | 0.18 | 0.17 |
| लेखा विधि संबंधी नीतियाँ | त | | |
| लेखाओं पर अन्य टिप्पणियाँ | थ | | |

**नोट सं.1 से 6, त व थ इस लाभ तथा हानि लेखा के अनिवार्य भाग है ।**

**हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार**
कृते ज्ञानोबा व भट
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
फर्म रजिस्ट्रेशन सं.000939S

बोर्ड के लिए और बोर्ड की ओर से

हस्ता/-
**(के.आर.ज्ञानोबा)**
भागीदार
सदस्यता सं.23137

हस्ता/-
**(एस.परमेश्वरन)**
कार्यकारी निदेशक

हस्ता/-
**(वी.एस.हेगडे)**
अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक

स्थान : बेंगलूर
दिनांक : 26.06.2013

स्थान : बेंगलूर
दिनांक : 26.06.2013

## 31.03.2013 के अनुसार तुलन पत्र के भाग के नोट की रचना

(रुपये लाखों में)

| नोट सं. | विवरण | यूनिट | 31.03.2013 को समाप्त चालू रिपोर्टिंग अवधि के लिए | 31.03.2012 को समाप्त पिछली रिपोर्टिंग अवधि के लिए |
|---|---|---|---|---|
| क | **शेयर पूँजी:** | | | |
| | **इक्विटी शेयरस्:** | | | |
| | (क) प्राधिकृत: | | | |
| | (i) शेयरों की संख्या | सं. | 5,00,000 | 5,00,000 |
| | (ii) शेयरों की राशि लाखों में | | 500.00 | 500.00 |
| | (ख) जारी, अंशदानित तथा पूर्ण प्रदत्त नकद: | | | |
| | (i) शेयरों की संख्या | सं. | 1,00,000 | 1,00,000 |
| | (ii) शेयरस् का राशि लाखो में | | 100.00 | 100.00 |
| | (ग) प्रत्येक शेयर का सममूल्य (रुपयो में) | | 100.00 | 100.00 |
| | (घ) (i) रिपोर्ट अवधि के शुरूआत में बकाया शेयरों की संख्या | | 1,00,000 | 1,00,000 |
| | (ii) रिपोर्टिंग अवधि के अंत में बकाया शेयरों की संख्या | | 1,00,000 | 1,00,000 |
| | (ङ) पूँजी की चुकौती तथा लाभांश के बँटवारे के प्रतिबंध सहित प्रत्येक वर्ग के शेयरों को संलग्न करते हुए अधिकार, अधिमान तथा प्रतिबंध | | **इक्विटी शेयरस्:** कंपनी के अर्तनियम, सभी अधिकार (प्रत्येक इक्विटी शेयर धारितों धृत एक मताधिकार सहित), सभी अधिमानों एवं प्रतिबन्ध (इक्विटी शेयरों के अंतरण पर प्रतिबंध सहित) निदेशक मंडल के साथ निहित है; बोर्ड द्वारा पस्तावित लाभांश, वार्षिक आम सभा के घोषणा पर निर्भर करती है । पश्च कर लाभ का न्यूनतम 20% को भारत सरकार को लाभांश के रूप में वितरित किया जाता है तथा कम्पनी अधिनियम, 1956 के अनुसार पूँजीगत की चुकौती होगी । | **इक्विटी शेयरस्:** कंपनी के अर्तनियम, सभी अधिकार (प्रत्येक इक्विटी शेयर धारितों धृत एक मताधिकार सहित), सभी अधिमानों एवं प्रतिबन्ध (इक्विटी शेयरों के अंतरण पर प्रतिबंध सहित) निदेशक मंडल के साथ निहित है; बोर्ड द्वारा पस्तावित लाभांश, वार्षिक आम सभा के घोषणा पर निर्भर करती है । पश्च कर लाभ का न्यूनतम 20% को भारत सरकार को लाभांश के रूप में वितरित किया जाता है तथा कम्पनी अधिनियम, 1956 के अनुसार पूँजीगत की चुकौती होगी । |
